रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 26/12/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **जब किसी वस्तु को अनंत से ध्रुव (P) की ओर धीरे-धीरे उत्तल दर्पण के निकट ले जाया जाता है, तो हम प्रतिबिंब के संबंध में क्या कह सकते हैं?**

Ans
- ✘ A. मुख्य फोकस (F) पर रहता है
- ✔ B. मुख्य फोकस (F) से ध्रुव (P) की ओर गति करता है
- ✘ C. दर्पण से दूर गति करता है
- ✘ D. ध्रुव (P) से मुख्य फोकस (F) की ओर गति करता है

**Q.2** **उस सही कारण का चयन कीजिए जो इसकी व्याख्या करता है कि क्यों ग्लूकोज और ऐल्कोहॉल, विद्युत का चालन नहीं करते हैं?**

Ans
- ✘ A. क्योंकि वे शीघ्र वाष्पित हो जाते हैं।
- ✘ B. क्योंकि वे धातु से बने होते हैं।
- ✔ C. क्योंकि वे विलयन में आयन नहीं बनाते हैं।
- ✘ D. क्योंकि वे अम्लीय प्रकृति के होते हैं।

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की विशेषता का सटीक वर्णन करता है?**

Ans
- ✘ A. ये नाभिक में स्थित होते हैं।
- ✔ B. ये निश्चित कक्षाओं में नाभिक के परितः घूमते हैं।
- ✘ C. ये धनावेशित होते हैं।
- ✘ D. इनका द्रव्यमान प्रोटॉन के द्रव्यमान के बराबर होता है।

**Q.4** **कम फोकल लंबाई (f) वाले लेंस में _______।**

Ans
- ✘ A. शून्य पावर होता है
- ✔ B. अधिक पावर होता है
- ✘ C. अधिक फोकल लंबाई (f) वाले लेंस के बराबर पावर होता है
- ✘ D. कम पावर होता है

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कोशिकाओं की आकृति और आकार में विविधता की सही व्याख्या करता है?**

Ans
- ✔ A. कोशिकाओं की आकृति और आकार उनके द्वारा किए जाने वाले विशिष्ट कार्य से संबंधित होते हैं।
- ✘ B. कोशिकाओं की आकृति और आकार केवल जल की उपलब्धता पर निर्भर करता है।
- ✘ C. पादपों और जंतुओं में कोशिकाओं की आकृति और आकार एक समान होता है।
- ✘ D. सभी कोशिकाओं की आकृति और आकार प्रत्येक जीव में स्थिर रहता है।

| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?<br><br>A) जब किसी यौगिक में एक धातु और एक अधातु होते हैं, तो धातु का नाम या प्रतीक पहले लिखा जाता है।<br>B) जब किसी यौगिक में एक धातु और एक अधातु होते हैं, तो अधातु का नाम या प्रतीक पहले लिखा जाता है।<br>C) आयन पर संयोजकता या आवेश संतुलित होना चाहिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल C |
| | ✗ B. A, B और C |
| | ✗ C. केवल A |
| | ✓ D. केवल A और C |

| Q.7 | सिलवर पर संक्षारण होने पर बनने वाली काली परत (dark layer) क्या होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कॉपर ऑक्साइड |
| | ✗ B. जिंक ऑक्साइड |
| | ✓ C. सिल्वर सल्फाइड |
| | ✗ D. आयरन ऑक्साइड |

| Q.8 | सक्रियता श्रेणी में नीचे वाली धातुएं, जैसे सोना और चांदी, सामान्यत: प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाई जाती हैं, क्योंकि ___________। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ये अम्लों के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करती हैं |
| | ✗ B. इनका गलनांक अत्यधिक निम्न होता है |
| | ✗ C. ये ऑक्सीजन और जल के साथ अत्यंत अभिक्रियाशील होती हैं |
| | ✓ D. ये अत्यधिक अनभिक्रिय होती हैं |

| Q.9 | 2Ω, 3Ω और 5Ω के तीन प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं। कुल प्रतिरोध कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3.33 Ω |
| | ✓ B. 10 Ω |
| | ✗ C. 1 Ω |
| | ✗ D. 0.1 Ω |

| Q.10 | एक पत्थर को एक धागे से बांधकर गोल घुमाने पर ___________ प्रदर्शित होती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बढ़ती चाल के साथ रैखिक गति |
| | ✗ B. एकसमान ऋजु-रेखीय गति |
| | ✗ C. असमान गति |
| | ✓ D. वृत्तीय गति |

| Q.11 | निम्नलिखित में से किसका/किनका उपयोग मुर्गीपालन में किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सार्डिन |
| | ✗ B. झींगा |
| | ✓ C. लेगहॉर्न नस्ल |
| | ✗ D. कटला |

| Q.12 | निम्नलिखित में से किसके कंटकी (काँटेदार) बीज, जिनमें हुक जैसी संरचनाएँ होती हैं, जंतुओं के शरीर से चिपककर प्रकीर्णित होते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सूरजमुखी (Sunflower) |
| | ✗ B. मदार (Madar) |
| | ✓ C. जेंथियम (Xanthium) |
| | ✗ D. सहजन (Drumstick) |

| | |
|---|---|
| Q.13 | **उपकला ऊतकों की कोशिकाओं के बीच बहुत कम स्थान क्यों होता है?** |
| Ans | ✗ A. तेजी से रक्त प्रवाह की होने देने के लिए |
| | ✓ B. पदार्थों की पारगम्यता को नियंत्रित करने वाला एक प्रभावी अवरोध बनाने के लिए |
| | ✗ C. पेशियों के संचलन को सुगम बनाने के लिए |
| | ✗ D. उन्हें विद्युत संकेतों को प्रेषित करने में सक्षम बनाने के लिए |

| | |
|---|---|
| Q.14 | **लकड़ी के एक ठोस घन का घनत्व जल से कम है। जब इसे जल में रखा जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?** |
| Ans | ✗ A. घन अपने संपूर्ण आयतन के साथ जल के पृष्ठ पर प्लवन करेगा। |
| | ✓ B. घन आंशिक रूप से डूबा हुआ प्लवन करेगा, और अपने भार के बराबर जल विस्थापित करेगा। |
| | ✗ C. घन जल में मध्य तक लटका रहेगा। |
| | ✗ D. घन पूर्ण रूप से डूबकर तली में पहुंच जाएगा। |

| | |
|---|---|
| Q.15 | **मछलियों के हृदयों में __________ कक्ष होते हैं और उनका रक्त एक पूर्ण चक्र में केवल __________ हृदय से होकर गुजरता है।** |
| Ans | ✗ A. चार; एक बार |
| | ✗ B. तीन; दो बार |
| | ✓ C. दो; एक बार |
| | ✗ D. दो; दो बार |

| | |
|---|---|
| Q.16 | **मटर (garden peas) के निम्नलिखित विपर्यासी दृश्य लक्षणों में से किसका उपयोग मेंडल द्वारा नहीं किया गया था?** |
| Ans | ✓ A. हरे/सफेद बीज |
| | ✗ B. लंबे/बौने पौधे |
| | ✗ C. सफेद/बैंगनी पुष्प |
| | ✗ D. गोल/झुर्रीदार बीज |

| | |
|---|---|
| Q.17 | **अमीबा जैसे जीवों में प्रजनन की अलैंगिक विधि निम्नलिखित में से कौन-सी है?** |
| Ans | ✗ A. बीजाणु निर्माण (Spore formation) |
| | ✗ B. मुकुलन (Budding) |
| | ✗ C. विखंडन (Fragmentation) |
| | ✓ D. द्वि-खंडन (Binary fission) |

| | |
|---|---|
| Q.18 | **परमाणु त्रिज्या को प्रायः __________ में मापा जाता है।** |
| Ans | ✗ A. मिलीमीटर (milimetres) |
| | ✓ B. नैनोमीटर (nanometres) |
| | ✗ C. सेंटीमीटर (centimetres) |
| | ✗ D. डेसीमीटर (decimetres) |

| | |
|---|---|
| Q.19 | **निम्नलिखित में से कौन-सा, जड़त्व का एक उदाहरण नहीं है?** |
| Ans | ✗ A. बस के अचानक रुकने पर यात्री का आगे की ओर गिरना |
| | ✗ B. एक गेंद का घर्षण रहित सतह पर सदैव लुढ़कते रहना |
| | ✓ C. एक किताब का खुरदरी सतह पर फिसल कर रुक जाना |
| | ✗ D. पीटने पर कालीन से गिरती धूल |

| | |
|---|---|
| Q.20 | चुंबकीय क्षेत्र को सदिश राशि के रूप में मान्य बनाने वाला मूलभूत गुण यह है कि इसमें _________ दोनों होते हैं। |
| Ans | ✗ A. द्रव्यमान और घनत्व |
| | ✓ B. दिशा और परिमाण |
| | ✗ C. आवेश और विभवांतर |
| | ✗ D. बल और समय |

| | |
|---|---|
| Q.21 | एकसमान वेग 'v' से गतिमान द्रव्यमान 'm' वाले पिंड में ऊर्जा का निम्नलिखित में से कौन-सा रूप होगा? |
| Ans | ✗ A. ऊष्मीय ऊर्जा |
| | ✗ B. ध्वनि ऊर्जा |
| | ✗ C. स्थितिज ऊर्जा |
| | ✓ D. गतिज ऊर्जा |

| | |
|---|---|
| Q.22 | थॉमसन ने अपने परमाणु मॉडल का वर्णन करने के लिए निम्नलिखित में से किस सादृश्य (analogy) का उपयोग किया? |
| Ans | ✗ A. ग्रह प्रणाली (Planetary system) |
| | ✗ B. सौर परिवार (Solar system) |
| | ✓ C. क्रिसमस पुडिंग (Christmas pudding) |
| | ✗ D. परमाणु कोर-शेल (Nuclear core-shell) |

| | |
|---|---|
| Q.23 | ___________ के कारण, आपके भवन के मुख्य लोहे के गेट पर समय के साथ जंग लग जाता है। |
| Ans | ✗ A. उच्च तापमान |
| | ✗ B. धूल |
| | ✗ C. प्रदूषण |
| | ✓ D. नमी और ऑक्सीजन |

| | |
|---|---|
| Q.24 | कौन-सी फसल किस्म सुधार विधि में वांछनीय गुणों वाले जनक का चयन करना और उनका संकरण करना शामिल है? |
| Ans | ✗ A. ऊतक संवर्धन (Tissue Culture) |
| | ✗ B. उत्परिवर्तन (Mutation) |
| | ✗ C. आनुवंशिक अभियंत्रण (Genetic Engineering) |
| | ✓ D. संकरण (Hybridisation) |

| | |
|---|---|
| Q.25 | निम्नलिखित में से कौन-सा चंद्रमा पर ध्वनि न सुन पाने का सही कारण है? |
| Ans | ✗ A. चंद्रमा पृथ्वी से बहुत दूर है। |
| | ✗ B. चंद्रमा पर गड्ढे हैं। |
| | ✗ C. चंद्रमा बहुत ठंडा है। |
| | ✓ D. चंद्रमा पर कोई वायुमंडल नहीं है। |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | A और B मिलकर किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं, B और C मिलकर इसे 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं, और C और A मिलकर इसे 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C द्वारा अलग-अलग कार्य पूरा करने में लगे दिनों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 2:3 |
| | ✗ B. 5:7 |
| | ✓ C. 1:3 |
| | ✗ D. 3:5 |

| Q.27 | $\frac{1}{30}, \frac{2}{70}$ का कितना प्रतिशत है? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 126.67% |
| | ✗ B. 131.67% |
| | ✗ C. 233.33% |
| | ✓ D. 116.67% |

| Q.28 | एक स्टेशनरी शॉप पर, 2 लाल पेन और 3 नीले पेन की कुल कीमत ₹78 है। दूसरी ओर, 3 लाल पेन और 2 नीले पेन की कुल कीमत ₹72 है। एक लाल पेन और एक नीले पेन को मिलाकर कुल कीमत कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹33 |
| | ✗ B. ₹36 |
| | ✓ C. ₹30 |
| | ✗ D. ₹26 |

| Q.29 | 13 संख्याओं का औसत 92 है। यदि पहली 7 संख्याएँ 30, 32, 46, 81, 110, 73 और 20 हैं, तो शेष संख्याओं का औसत कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 131 |
| | ✗ B. 135 |
| | ✗ C. 139 |
| | ✓ D. 134 |

| Q.30 | एक विक्रेता ने किसी वस्तु पर 65% की छूट दी और फिर भी उसे 82% का लाभ प्राप्त हुआ। क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 5 : 26 |
| | ✗ B. 7 : 32 |
| | ✗ C. 2 : 33 |
| | ✗ D. 6 : 29 |

| Q.31 | 24, 3 और 16 का चतुर्थानुपाती, A और 20 के तृतीयानुपाती के बराबर है। A का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 200 |
| | ✗ B. 201 |
| | ✗ C. 202 |
| | ✗ D. 199 |

| Q.32 | एक कार की 1 घंटे तक 70 km/hr और $1\frac{1}{2}$ घंटे तक 'p' km/hr की चाल से चलने की औसत चाल 52 km/hr है। p का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 57.5 |
| | ✗ B. 52.5 |
| | ✓ C. 40 |
| | ✗ D. 60 |

| Q.33 | दिया गया है कि संख्या 83y547x, 72 से विभाज्य है, तो x और y के वर्गों का योग ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 43 |
| | ✗ B. 23 |
| | ✗ C. 13 |
| | ✓ D. 53 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | यदि $\sin\theta = \frac{3}{5}$ है, तो $\cos\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। ($\theta$ प्रथम चतुर्थांश में है) |
| Ans | ✗ A. $\frac{3}{5}$ |
| | ✗ B. $\frac{5}{6}$ |
| | ✗ C. $\frac{5}{4}$ |
| | ✓ D. $\frac{4}{5}$ |

| | |
|---|---|
| Q.35 | यदि किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹2,400 है और छूट 16% है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य कितना है? |
| Ans | ✓ A. ₹2,016 |
| | ✗ B. ₹2,216 |
| | ✗ C. ₹2,166 |
| | ✗ D. ₹2,060 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | यदि किसी संख्या के $\frac{3}{4}$ के 10% का 20%, 882 है, तो संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 62560 |
| | ✗ B. 59780 |
| | ✓ C. 58800 |
| | ✗ D. 61960 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | एक लड़की 9 km/hr की चाल से स्कूल जाती है। वह 45 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 15 km/hr |
| | ✗ B. 7 km/hr |
| | ✗ C. 20 km/hr |
| | ✗ D. 22 km/hr |

| | |
|---|---|
| Q.38 | 6 फरवरी 2023 से 20 अप्रैल 2023 की अवधि के लिए ₹2,000 पर 7% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 28 |
| | ✗ B. 27 |
| | ✗ C. 26 |
| | ✗ D. 29 |

| | |
|---|---|
| Q.39 | $\left\{\left(\frac{1}{3}\right)^{-2} - \left(\frac{1}{2}\right)^{-3}\right\} \div \left(\frac{1}{4}\right)^{-2} + \left\{\left(\frac{-3}{2}\right)^{4} \times \left(\frac{5}{3}\right)^{4}\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $\frac{125}{3}$ |
| | ✗ B. $\frac{402}{11}$ |
| | ✗ C. $\frac{208}{7}$ |
| | ✓ D. $\frac{313}{8}$ |

| Q.40 | 32, 28 और 24 का HCF (महत्तम समापवर्तक) कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✓ D. 4 |

| Q.41 | एक कक्षा के 39 विद्यार्थियों की औसत आयु 27 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो सम्पूर्ण समूह की औसत आयु 28 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 68 |
| | ✗ B. 69 |
| | ✗ C. 70 |
| | ✓ D. 67 |

| Q.42 | A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 2, 24 और 8 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक साथ कार्य करते हुए, उसी कार्य का दोगुना कार्य करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 3 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 9 |

| Q.43 | एक व्यापारी एक वस्तु को ₹1805 में बेचने पर 5% की हानि उठाता है। उसे उस वस्तु को किस मूल्य पर बेचना चाहिए कि उसे उस वस्तु पर 5% का लाभ हो? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹2105 |
| | ✗ B. ₹1985 |
| | ✓ C. ₹1995 |
| | ✗ D. ₹2005 |

| Q.44 | ईंधन की कीमत तीन लगातार महीनों में 50%, 30% और 50% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 65% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 71.13% की कमी |
| | ✗ B. 67.43% की वृद्धि |
| | ✗ C. 75.87% की कमी |
| | ✗ D. 72.43% की वृद्धि |

| Q.45 | उस घन का आयतन ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए, जिसकी प्रत्येक कोर 45 m की है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 91128 |
| | ✓ B. 91125 |
| | ✗ C. 91321 |
| | ✗ D. 91057 |

| Q.46 | ₹2,037 को विकास, टीना और सुमित के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि यदि उनके हिस्सों में से ₹23, ₹42 और ₹52 की कटौती कर ली जाए, तो उनके पास 14 : 19 : 15 के अनुपात में धनराशि बचती है। टीना का वास्तविक हिस्सा ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹610 |
| | ✗ B. ₹660 |
| | ✓ C. ₹802 |
| | ✗ D. ₹910 |

| Q.47 | एक खोखले बेलनाकार पाइप की बाहरी त्रिज्या 7 cm और आंतरिक त्रिज्या 5 cm है। यदि पाइप 42 cm लंबी है और 5 $g/cm^3$ के घनत्व वाली धातु से बनी है, तो पाइप का द्रव्यमान ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \frac{22}{7}$ और घनत्व $= \frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{आयतन}}$ का उपयोग कीजिए$\right)$ |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 15.98 kg |
| | ✓ B. 15.84 kg |
| | ✗ C. 15.56 kg |
| | ✗ D. 15.72 kg |

| Q.48 | यदि 2x + 3y = 8 और $4x^2 + 9y^2 = 32$ है, तो $8x^3 + 27y^3$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 128 |
| | ✗ B. 106 |
| | ✗ C. 112 |
| | ✗ D. 142 |

| Q.49 | एक समबहुभुज का आंतरिक कोण 156° है। इस बहुभुज में कितनी भुजाएं हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14 |
| | ✗ B. 13 |
| | ✓ C. 15 |
| | ✗ D. 12 |

| Q.50 | एक माँ और बेटी की वर्तमान आयु का योग 42 वर्ष है। 5 वर्ष बाद, माँ की आयु उस समय अपनी बेटी की आयु की तीन गुनी होगी। बेटी की वर्तमान आयु और 4 वर्ष बाद माँ की आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 : 19 |
| | ✗ B. 6 : 17 |
| | ✓ C. 4 : 19 |
| | ✗ D. 4 : 17 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी केले, अंगूर हैं।<br>कोई केला, खीरा नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ खीरे, अंगूर हैं।<br>(II): सभी अंगूर, खीरे हैं। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| Q.52 | यदि संख्या 3215674 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✓ B. 7 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.53 | छह व्यक्ति, G, H, I, Q, R और S, एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I के ठीक बाईं ओर पड़ोस में G बैठा है। S के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। S और G के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H के ठीक दाईं ओर पड़ोस में R बैठा है। I और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. चार |

| Q.54 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'some good questions' को 'jm ik cd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'many good problems' को 'cd rc gh' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'good' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. cd |
| | ✗ B. ik |
| | ✗ C. rc |
| | ✗ D. jm |

| Q.55 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 97 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, श्री अक्ते दाएं छोर से 9वें स्थान पर हैं। यदि श्री मेमी, श्री अक्ते के बाएं 18वें स्थान पर हैं, तो पंक्ति के बाएं छोर से श्री मेमी का स्थान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 72वां |
| | ✓ B. 71वां |
| | ✗ C. 69वां |
| | ✗ D. 70वां |

| Q.56 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>125 142 157 170 181 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 187 |
| | ✗ B. 191 |
| | ✓ C. 190 |
| | ✗ D. 193 |

| Q.57 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. AY-DY |
| | ✗ B. SQ-VQ |
| | ✓ C. US – ZS |
| | ✗ D. QO – TO |

| Q.58 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>BOM DQL FSK HUJ ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. IVI |
| | ✗ B. JVI |
| | ✗ C. IWJ |
| | ✓ D. JWI |

| Q.59 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>HTU : LQY<br>PNC : TKG |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SLZ : WGD |
| | ✓ B. XHK : BEO |
| | ✗ C. HCU : LAY |
| | ✗ D. QYD : TUG |

| Q.60 | उत्तर की ओर अभिमुख 54 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, मोहित दाएँ छोर से 22वें स्थान पर बैठा है। यदि चारु पंक्ति के बाएँ छोर से 15वें स्थान पर बैठी है, तो मोहित और चारु के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 16 |
| | ✓ B. 17 |
| | ✗ C. 15 |
| | ✗ D. 18 |

| Q.61 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MQ - KO |
| | ✓ B. PS - NR |
| | ✗ C. GK - EI |
| | ✗ D. KO - IM |

| Q.62 | सुनील बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 64 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 60 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 67 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 78 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 3 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. दक्षिण की ओर 18 km |
| | ✗ B. दक्षिण की ओर 17 km |
| | ✗ C. उत्तर की ओर 20 km |
| | ✗ D. उत्तर की ओर 19 km |

| Q.63 | यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>11 P 3 S (30 Q 5) P 2 R 15 S 6 P 2 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 62 |
| | ✗ B. 54 |
| | ✓ C. 42 |
| | ✗ D. 31 |

| Q.64 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 4 1 7 9 2 2 7 9 9 9 4 7 7 8 9 1 8 6 2 1 2 2 8 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. दो |
| | ✗ D. एक |

| | | |
|---|---|---|
| Q.65 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ हथौड़े, स्क्रूड्राइवर हैं।<br>कोई स्क्रूड्राइवर, रिंच नहीं है।<br>सभी रिंच, प्लायर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ रिंच, स्क्रूड्राइवर हैं।<br>(II) कुछ स्क्रूड्राइवर, प्लायर हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है। |
| | ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है। |
| | ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| Q.66 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>32 40 31 41 ? 42 |
| Ans | ✓ A. 30 |
| | ✗ B. 26 |
| | ✗ C. 32 |
| | ✗ D. 35 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.67 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'VALE' को '3751' के रूप में और 'ULVA' को '1397' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'U' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 7 |
| | ✓ D. 9 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.68 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 4 1 9 7 8 4 8 5 9 4 6 5 2 3 7 4 2 5 7 6 3 2 4 5 1 3 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है? |
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✓ B. चार |
| | ✗ C. एक |
| | ✗ D. दो |

| | | |
|---|---|---|
| Q.69 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>AXB–FCG<br>IFJ–NKO |
| Ans | ✓ A. WTX–BYC |
| | ✗ B. WSV–AXB |
| | ✗ C. WSV–BYC |
| | ✗ D. WTX–AYB |

| Q.70 | सात व्यक्ति - A, B, C, D, E, F और G एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A पंक्ति के बाएँ छोर से चौथे स्थान पर बैठा है। A और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, C के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।<br>A और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✓ B. दो |
| | ✗ C. एक भी नहीं |
| | ✗ D. एक |

| Q.71 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 453 125 410 183 473 (दाएं)<br><br>(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जाएँ।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 11 |
| | ✓ C. 8 |
| | ✗ D. 7 |

| Q.72 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>और A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'T+O&RxN-M' है, तो T का M से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पत्नी का भाई |
| | ✗ B. पत्नी के पिता |
| | ✓ C. भाई की पत्नी का भाई |
| | ✗ D. भाई की पत्नी के पिता |

| Q.73 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से KFHL का संबंध RMOS से है। उसी तरीके से, MHJN का संबंध TOQU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OJLP का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. QVWS |
| | ✗ B. VQWS |
| | ✓ C. VQSW |
| | ✗ D. QVSW |

| Q.74 | निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?<br><br>23, 24, 26, 32, 56, 176, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 782 |
| | ✓ B. 896 |
| | ✗ C. 384 |
| | ✗ D. 568 |

| Q.75 | सुनील बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 57 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 65 km ड्राइव करता है, बाएँ मुड़ता है और 67 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 78 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है, 10 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14 km, उत्तर में |
| | ✗ B. 12 km, दक्षिण में |
| | ✗ C. 15 km, उत्तर में |
| | ✓ D. 13 km, दक्षिण में |

| Q.76 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>CYB 48 DZC 53 EAD 58 FBE 63 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. GCF 68 |
| | ✗ B. GDE 68 |
| | ✗ C. GBE 67 |
| | ✗ D. GHJ 67 |

| Q.77 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(106, 368, 237)<br>(114, 336, 225) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (246, 120, 186) |
| | ✓ B. (146, 302, 224) |
| | ✗ C. (304, 182, 253) |
| | ✗ D. (118, 256, 189) |

| Q.78 | यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>115 × 5 − 14 ÷ 6 + 15 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 78 |
| | ✗ B. 84 |
| | ✓ C. 92 |
| | ✗ D. 70 |

| Q.79 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, D के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। F, D के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, B के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। A, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन, दी गई व्यवस्था के आधार पर एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह विकल्प कौन-सा विकल्प है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. CB |
| | ✓ B. EE |
| | ✗ C. BA |
| | ✗ D. AD |

| Q.80 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)।<br><br>(बाएं) 8 5 3 6 2 4 7 9 1 3 5 7 8 4 2 6 1 9 3 7 5 4 (दाएं)<br><br>श्रृंखला में कितनी संख्याएं पूर्ण वर्ग हैं (प्रत्येक संख्या को केवल एक बार गिना जाना है, चाहे वह कितनी भी बार दोहराई गई हो)? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✓ B. तीन |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. दो |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | डिजी यात्रा, जोकि नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नागरिकों के लिए बनाया गया है, को 2025 में किस श्रेणी में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्राप्त हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. गोल्ड (Gold) |
| | ✗ B. ब्रॉन्ज (Bronze) |
| | ✗ C. सिल्वर (Silver) |
| | ✗ D. जूरी (Jury) |

| Q.82 | जुलाई 2025 में ब्राजील की अध्यक्षता में आयोजित, किस शिखर सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण सहयोग (Global South cooperation) पर बल दिया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. APEC शिखर सम्मेलन |
| | ✗ B. G7 शिखर सम्मेलन |
| | ✗ C. ASEAN शिखर सम्मेलन |
| | ✓ D. BRICS शिखर सम्मेलन |

| Q.83 | PIB विज्ञप्ति 'वायु प्रदूषण को रोकने के लिए CAQM द्वारा किए गए सक्रिय उपायों' (10 नवंबर 2025) के अनुसार, 15 सितंबर और 9 नवंबर 2025 के बीच हरियाणा के खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में 2024 की इसी अवधि की तुलना में लगभग कितने प्रतिशत की गिरावट आई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लगभग 45% |
| | ✓ B. लगभग 65% |
| | ✗ C. लगभग 25% |
| | ✗ D. लगभग 35% |

| Q.84 | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 में कितने खेल शामिल थे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30 |
| | ✗ B. 29 |
| | ✓ C. 28 |
| | ✗ D. 27 |

| Q.85 | 2025 विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप कहाँ आयोजित की गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बर्मिंघम, यूके |
| | ✗ B. पोर्टलैंड, यूएसए |
| | ✓ C. नानजिंग, चीन |
| | ✗ D. दोहा, कतर |

| Q.86 | 2025 बैलोन डी'ओर समारोह (Ballon d’Or ceremony) कब और कहाँ होगा? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. जून में, रोम |
| | ✓ B. सितंबर में, पेरिस |
| | ✗ C. अक्टूबर में, मैड्रिड |
| | ✗ D. जुलाई में, लंदन |

| Q.87 | विश्व आर्थिक मंच के 2025 ऊर्जा संक्रमण सूचकांक में भारत का स्थान क्या है? |
| --- | --- |
| Ans | ✓ A. 71वां |
| | ✗ B. 81वां |
| | ✗ C. 61वां |
| | ✗ D. 91वां |

| Q.88 | देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' (7 अक्टूबर, 2025) पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, रक्षा क्षेत्र में निर्यात और आयात प्राधिकरणों को सुव्यवस्थित करने के लिए भारत में कौन-सा नया पोर्टल लॉन्च किया गया? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. भारत टेक पोर्टल (Bharat Tech Portal) |
| | ✗ B. मिशन इंडिजेनाइजेशन पोर्टल (Mission Indigenisation Portal) |
| | ✗ C. मेक इन इंडिया पोर्टल (Make in India Portal) |
| | ✓ D. डिफेंस एक्जिम पोर्टल (Defence Exim Portal) |

| Q.89 | मलयालम आत्मकथा का तमिल में अनुवाद करने के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2024 (मार्च 2025 में प्रदान किया गया) किसे प्रदान किया गया? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. मदन सोनी |
| | ✓ B. पी. विमला |
| | ✗ C. चंदन नेगी |
| | ✗ D. उत्तरा बिश्वमुथियारी |

| Q.90 | फिट इंडिया मूवमेंट का प्रमुख साइकिलिंग कार्यक्रम, जो फिटनेस और प्रदूषण समाधानों को बढ़ावा देता है, फरवरी 2025 में मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर किस नाम से आयोजित किया गया? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. फिट इंडिया साइकिलिंग मैराथन (Fit India Cycling Marathon) |
| | ✗ B. साइकिल फॉर हेल्थ (Cycle for Health) |
| | ✗ C. व्हील्स फॉर वेलनेस (Wheels for Wellness) |
| | ✓ D. संडेज ऑन साइकिल (Sundays on Cycle) |

| Q.91 | विश्व बैंक की स्प्रिंग 2025 रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दशक में भारत ने कितने लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. 100 मिलियन |
| | ✗ B. 211 मिलियन |
| | ✓ C. 171 मिलियन |
| | ✗ D. 250 मिलियन |

| Q.92 | जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (Big Cat Alliance) एक संधि-आधारित संगठन बन गया। यह किस मंत्रालय के अधीन कार्य करता है? |
| --- | --- |
| Ans | ✓ A. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |
| | ✗ B. पर्यटन मंत्रालय |
| | ✗ C. मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय |
| | ✗ D. जल शक्ति मंत्रालय |

| Q.93 | सितंबर 2025 में, ISRO, IN-SPACe और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NewSpace India Limited) ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (Small Satellite Launch Vehicle) उत्पादन के लिए 100वें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए। विनिर्माण के लिए किस संगठन ने उनके साथ साझेदारी की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (Bharat Electronics Ltd.) |
| | ✗ B. L&T डिफेंस (L&T Defence) |
| | ✗ C. BHEL एयरोस्पेस डिवीजन (BHEL Aerospace Division) |
| | ✓ D. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (Hindustan Aeronautics Limited) |

| Q.94 | निम्नलिखित में से किस एजेंसी ने अगस्त 2025 में एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (Defence Space Agency) |
| | ✓ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation) |
| | ✗ C. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (National Defence Academy) |
| | ✗ D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation) |

| Q.95 | 2023 के आंकड़ों पर आधारित UNDP मानव विकास रिपोर्ट 2025 कब जारी की गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 जून 2025 |
| | ✗ B. 20 मार्च 2025 |
| | ✗ C. 22 अप्रैल 2025 |
| | ✓ D. 6 मई 2025 |

| Q.96 | निम्नलिखित में से कौन-सा मंच वह स्थान था जहाँ से भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2025 में पांच साल से अधिक समय के बाद भारत-चीन सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने की घोषणा की थी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. SCO |
| | ✗ B. G20 |
| | ✗ C. ASEAN |
| | ✗ D. BRICS |

| Q.97 | फरवरी 2025 में, केंद्रीय बजट 2025-26 में बिहार में किस बोर्ड की स्थापना की घोषणा की गई? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मखाना बोर्ड (Makhana Board) |
| | ✗ B. बिहार कृषि प्रसंस्करण बोर्ड (Bihar Agricultural Processing Board) |
| | ✗ C. फॉक्सनट विकास बोर्ड (Foxnut Development Board) |
| | ✗ D. पूर्वी खाद्य प्रसंस्करण बोर्ड (Eastern Food Processing Board) |

| Q.98 | भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के दिशानिर्देशों के अनुसार, किसी बैंक द्वारा नाम परिवर्तन की स्थिति में (जैसा कि मई 2025 में नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ हुआ था), मौजूदा चेक बुक और IFSC कोड ______। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अमान्य हो जाएंगे |
| | ✓ B. वैध रहेंगे |
| | ✗ C. अस्थायी रूप से निलंबित होंगे |
| | ✗ D. पुनः जारी करने की आवश्यकता होगी |

| Q.99 | भारत में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय सेक्स वर्कर्स दिवस किस तिथि को मनाया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2 जून |
| | ✗ B. 11 जून |
| | ✗ C. 10 मई |
| | ✗ D. 3 मई |

| Q.100 | निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य ने नवंबर 2025 में प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में तेल और रासायनिक आपदा की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े-पैमाने पर आपदा अभ्यास (large-scale disaster drill) आयोजित किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पश्चिम बंगाल |
| | ✗ B. महाराष्ट्र |
| | ✗ C. तमिलनाडु |
| | ✓ D. गुजरात |

"